INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH | NIN NATIONAL INSTITUTE OF NUTRITION

आइ सी एम आर - राष्ट्रीय पोषण संस्
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परि
कल्याण मंत्रालय, भारत सर
ICMR – National Institute of Nutriti
Department of Health Research, Ministry of Hea
and Family Welfare, Government of Inc

आईसीएमआर-एनआईएन/स्था.-II/हिन्दी परामर्शक/2025/1/488 दिनांक 12 JUN 2025

# विज्ञापन

विषय:- आईसीएमआर-एनआईएन में अल्पकालिक संविदा के आधार पर हिंदी अनुवादक (सलाहकार) की नियुक्ति के संबंध में।

*****

आईसीएमआर-एनआईएन, हैदराबाद एक हिंदी अनुवादक (सलाहकार) पद के लिए सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित करता है जिंका ग्रेड वेतन Rs. 4600/- रुपये और उससे अधिक पर सेवानिवृत्त हुए, जिन्हें हिंदी अनुवाद के क्षेत्र में 15 वर्ष का अनुभव।

(या)

भारतीय नागरिक, जिनकी आयु 40 वर्ष से कम है और हिंदी अनुवाद क्षेत्र में 5 वर्ष का अनुभव है।

हिंदी अनुवादक की सेवाओं का उपयोग आधिकारिक दस्तावेजों के अनुवाद के लिए राजभाषा अधिनियम-1963 की धारा 3 (3) के अनुसार पूर्णतः अनुबंध पर किया जाएगा।

पात्रता मानदंड, नियम और शर्तें आदि विवरण अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न है। आईसीएमआर-एनआईएन, बिना कोई कारण बताए आंशिक या पूर्ण या सभी प्रतिक्रियाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **10-07-2025** (शाम 5.30 बजे तक) है। अंतिम तारीख/समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों और सेवानिवृत्त आवेदकों के सहायक दस्तावेजों जैसे पीपीओ की प्रति, अंतिम वेतन प्रमाण पत्र के बिना प्राप्त होने वालेआवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र अनुलग्नक-II के अनुसार निदेशक, आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान, तारनाका मेट्रो स्टेशन के पास, तारनाका, हैदराबाद-500007 को भेजा जाए।

Paramaiah 12/6

वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी
कृते निदेशक

अनुलग्नक:

1. हिंदी अनुवादक (परामर्शक) की नियुक्ति के लिए नियम और शर्तें - अनुलग्नक- I
2. आवेदन पत्र -अनुलग्नक-II

प्रतिलिपि:

1. डॉ. एन. समरसिम्हा रेड्डी, वैज्ञानिक-ई: - अनुरोध है कि इसे आईसीएमआर-एनआईएन और आईसीएमआर की वेबसाइटों पर अपलोड करें।

जमाई ओसमनिआ पी.ओ./Jami Osmania P.O.
तरनाका मेट्रो स्टेशन के पास / Near Tarnaka Metro Station
**हैदराबाद - ५०० ००७, भारत / HYDERABAD – 500 007**, India
Tel: +91-40-27197262
saonin@icmr.gov.in | www.nin.res.in

(Hindi Version)

अनुलग्नक -I

## हिंदी अनुवादक (परमर्शक) की नियुक्ति के लिए नियम और शर्तें

1. पात्रता और पद से अपेक्षित कार्यों का विवरण:

   i. अभ्यर्थी केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/स्वायत्त संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से सेवानिवृत्त होना चाहिए तथा सरकारी निकायों में हिंदी/राजभाषा/राजभाषा से संबंधित गतिविधियों को संचालित करने का अनुभव होना चाहिए।

   ii. वे अभ्यर्थी जो रु. 4600/- और उससे अधिक के ग्रेड पे में सेवानिवृत्त हुए हों और हिंदी अनुवाद के क्षेत्र में 15 वर्ष का अनुभव रखते हों, वे हिंदी अनुवादक (परामर्शक) के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र हैं।

   अथवा

   iii. कोई भी भारतीय नागरिक जिसकी आयु 40 वर्ष से कम है और हिंदी अनुवाद के क्षेत्र में 5 वर्ष का अनुभव है, हिंदी अनुवादक (सलाहकार) के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र है।

   iv. अभ्यर्थी के पास किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।

   v. शैक्षिक अर्हकता:

   क. अनिवार्य अर्हकताएं:

   1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में मास्टर डिग्री।
   2. अनुवाद में डिप्लोमा और कम्प्यूटर पर हिंदी और अंग्रेजी टंकण की जानकारी तथा एम् आफिस की मौलिक जानकारी रखने वाले व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी

   vi. अभ्यर्थी को हिंदी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।

   vii. अभ्यर्थी को पत्राचार का ज्ञान और पारस्परिक दक्षता, कंप्यूटर अनुप्रयोगों का अच्छा ज्ञान, हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग का ज्ञान तथा आधिकारिक प्रक्रियाओं की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए।

2. नियुक्ति की अवधि :

   i. हिंदी अनुवादक (परामर्शक) की नियुक्ति पूर्णतः अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर होगी। हिंदी अनुवादक (परामर्शक) के रूप में प्रारंभ में नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे आईसीएमआर-एनआईएन की आवश्यकता और हिंदी अनुवादक (परामर्शक) के कार्य-निष्पादन (प्रदर्शन) की समीक्षा के आधार पर एक वर्ष से अधिक बढ़ाया जा सकता है, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद इसे 5 वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।

   ii. हिंदी अनुवादक (परामर्शक) की नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर होगी और आईसीएमआर-एनआईएन के साथ परामर्श अवधि के दौरान उन्हें कोई अन्य कार्यभार संभालने की अनुमति नहीं होगी।

   iii. परामर्शकों की नियुक्ति अस्थायी प्रकृति की होगी, जो उन्हें सौंपे गए कार्यों के लिए होगी। आईसीएमआर-एनआईएन द्वारा किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नियुक्ति रद्द की जा सकती है।

3. आयु-सीमा:

   आवेदन की अंतिम तिथि पर सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की आयु 64 वर्ष से अधिक नहीं चाहिए।

4. पारिश्रमिक :

   i. 50,000/- रुपये (पचास हजार रुपये मात्र) का निश्चित मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा।
   ii. संविदा की अवधि के दौरान कोई वेतन वृद्धि और महंगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा।

5. चयन-प्रक्रिया:

   उक्त शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को अनुभव, योग्यता आदि मानदंडों के आधार पर सूचीबद्ध किया जाएगा। परामर्शक का चयन परिषद, मुख्यालय, नई दिल्ली की देखरेख में लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत चर्चा/साक्षात्कार के आधार पर विधिवत गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

6. उपलब्ध करवाई जाने वाली कार्य-सुविधाएं:

   हिंदी अनुवादक (परामर्शक) को केवल बुनियादी सुविधाएं/बुनियादी ढांचा ही उपलब्ध कराया जाएगा। निवास स्थान पर कोई परिवहन या टेलीफोन/इंटरनेट सुविधा आदि उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

7. परामर्शकों के अन्य अधिकार:

   i. छुट्टी: प्रत्येक माह के लिए 1.5 दिन की दर से सवेतन छुट्टी की अनुमति दी जाएगी और इसकी गणना आनुपातिक आधार पर की जाएगी। कोई भी छुट्टी अग्रिम रूप से जमा नहीं की जाएगी। एक कैलेंडर वर्ष से अधिक छुट्टी के संचय की अनुमति नहीं दी जाएगी।
   ii. यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता: कार्यभार ग्रहण करने या कार्यभार पूरा होने पर कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।
   iii. आवास/मकान किराया भत्ता: आईसीएमआर-एनआईएन द्वारा कोई आवास या मकान किराया भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।
   iv. परिवहन भत्ता: परिवहन भत्ता स्वीकार्य नहीं है।
   अन्य भत्ते: परामर्शदाता किसी अन्य मानदेय या भत्ते जैसे महंगाई भत्ता, आवासीय टेलीफोन, परिवहन सुविधा, आवासीय आवास, निजी स्टाफ, सीजीएचएस और चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि का हकदार नहीं होंगा।

8. कार्य-समय:

   i. हिंदी अनुवादक (परामर्शक) को आईसीएमआर-एनआईएन के कार्य घंटों के अनुसार काम करना होगा। हालांकि, काम की अनिवार्यता के आधार पर, समयबद्ध काम पूरा करने के लिए उसे जल्दी आना या देर तक बैठना पड़ सकता है या छुट्टियों के दिन भी कार्यालय में उपस्थित होना पड़ सकता है। अगर काम के लिए देर तक बैठना पड़ता है या छुट्टियों के दिन आना पड़ता है तो उसके एवज में कोई अतिरिक्त पारिश्रमिक या शुल्क देय नहीं होगा।
   हिंदी अनुवादक (परामर्शक) को बायोमेट्रिक प्रणाली/रजिस्टर में नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी।

9. स्रोत पर कर कटौती:

   आयकर या कोई अन्य कर जो वर्तमान नियमों के अनुसार काटा जाना है, पारिश्रमिक का भुगतान करने से पहले स्रोत से काटा जाएगा।

10. आंकड़ों और दस्तावेजों की गोपनीयता:

   हिंदी अनुवादक (परामर्शक) अपने कार्यकाल में आईसीएमआर-एनआईएन की लिखित सहमति के बिना कार्यालय द्वारा सौंपे गये कार्यों से एकत्रित किए गए आंकड़ों या सांख्यिकी या कार्यवाही या सूचना का उपयोग या प्रकाशन किसी तीसरे पक्ष को खुलासा नहीं देगा। परामर्शक अनुबंध की समाप्ति से पहले और कार्यालय द्वारा अंतिम भुगतान जारी किए जाने से पहले किए गए कार्य के पूरे रिकॉर्ड को कार्यालय को सौंपने के लिए बाध्य होगा। हिंदी

अनुवादक (परामर्शक) इस आशय का लिए आईसीएमआर-एनआईएन के साथ गोपनीयता के एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा जिसमें नैतिकता और सत्यनिष्ठा पर एक खंड शामिल होगा।

**11. हितों का टकराव:**

i. इस कार्यालय द्वारा नियुक्त परामर्शदाता किसी भी मामले में किसी अन्य व्यक्ति का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा और राय या सलाह भी नहीं देगा जो इस कार्यालय के हित के प्रतिकूल हो। परामर्श अवधि के दौरान किसी भी परामर्शक को कोई अन्य कार्यभार संभालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**12. सेवा समाप्ति:**

i. आईसीएमआर-एनआईएन परामर्शक की सेवाएं समाप्त कर सकता है, यदि:
   - क. हिंदी अनुवादक (परामर्शक) सौंपे गए कार्य को पूरा करने में असमर्थ है।
   - ख. किये गये कार्य की गुणवत्ता आईसीएमआर-एनआईएन की संतुष्टि के अनुरूप नहीं है।
   - ग. परामर्शक आईसीएमआर-एनआईएन द्वारा तय किए गए लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने में विफल रहता है।
   - घ. परामर्शक में ईमानदारी और निष्ठा का अभाव पाया गया है।
   - ङ. एक सरकारी अधिकारी की नियुक्ति जो परामर्शक का काम कर सके।
   - च. सौंपे गए कार्य के लिए परामर्शक की आवश्यकता समाप्त हो गई।
   - छ. परामर्शक की सेवानिवृत्ति के 5 वर्ष पूरे हो गए हैं।

ii. किसी भी पक्ष द्वारा लिखित में एक महीने का नोटिस देकर सेवा समाप्त की जा सकती है। सेवा समाप्ति से किसी भी पक्ष की समाप्ति से पहले अर्जित अधिकार पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**13. नियुक्ति अवधि के दौरान दुर्घटना, चोट आदि:**

आईसीएमआर-एनआईएन परामर्शक द्वारा यात्रा सहित उसके कार्य के निष्पादन के दौरान या उससे उत्पन्न किसी भी हानि, दुर्घटना, क्षति, चोट के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**14. आईसीएमआर-एनआईएन के अधिकार:**

i. आईसीएमआर-एनआईएन बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर हिंदी अनुवादक (परामर्शक) की नियुक्ति को रद्द करने तथा मामले में आगे न बढ़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

अनुलग्नक –II
Annexure-II

आईसीएमआर-एनआईएन, हैदराबाद में संविदा के आधार पर हिंदी अनुवादक (परामर्शक) की नियुक्ति के लिए आवेदन।
Application for engagement of Hindi Translator (Consultant) on contract basis in the ICMR-NIN, Hyderabad

नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो/ Recent passport size photograph

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में)/Full Name (in Block Letters) | | |
| 2 | पिता/पति का नाम/Father's /Husband's Name | | |
| 3 | जन्म-तिथि/ Date of Birth | | |
| 4 | सम्पर्क-सूत्र/ Contact details | मोबाइल/टेलीफोन/ Mobile/Tel. | |
| | | ई-मेल आईडी/ e-mail id: | |
| 5 | पत्राचार का पता/Address for communication | | |
| 6 | सरकारी सेवा ग्रहण करने की तारीख/Date of Joining of Govt. Service | | |
| 7 | अंतिम तारीख के अनुसार आयु/ Age as on date | | |
| 8 | क्या एससी/एसटी/ओबीसी श्रेणी के हैं/Whether SC/ST/OBC | | |
| 9 | क्या शारीरिक रूप से विकलांग हैं/ Whether Physically handicapped | | |
| 10 | सेवानिवृत्ति की तारीख और सेवानिवृत्ति पद (सेवानिवृत्ति आदेश की प्रति संलग्न)/Date of Retirement and the post from which retired (enclosed copy of retirement order) | | |
| 11 | मंत्रालय/विभाग का नाम, जहां से सेवानिवृत्त हुए/Name of the Ministry/Department from which retired | | |
| 12 | अंतिम वेतन आहरित (कृपया प्रतिलिपि संलग्न करें)/Last Pay Drawn (Please enclose copy) | | |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रमाण-पत्रों/अंक तालिकाओं की प्रतियां संलग्न करें)/Education / Technical Qualification (Please enclose copies of certificates / mark sheets) | |
| 14 | पी.पी.ओ. संख्या (कृपया प्रतिलिपि संलग्न करें)/P.P.O. No. (Please enclose copy) | |
| 15 | कंप्यूटर ज्ञान का विवरण/Details of Computer Knowledge | |
| 16 | अनुभव का संक्षिप्त विवरण (एक अलग शीट संलग्न की जा सकती है)/Brief particulars of experience (A separate sheet may be annexed) | |

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/ती हूँ कि ऊपर दिया गया विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। मैं समझता/ती हूँ और सहमत हूँ कि चयन/साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी समय कोई भी जानकारी असत्य या गलत/अधूरी या अयोग्य पाई जाने की स्थिति में, मेरी उम्मीदवारी अस्वीकार की जा सकती है और मैं आईसीएमआर-एनआईएन के निर्णय से बाध्य रहूँगा/रहूंगी। मैंने यह परिपत्र पढ़ लिया है और हिंदी अनुवादक (परामर्शक) की नियुक्ति के लिए सभी नियम और शर्तें स्वीकार करने के लिए तैयार हूँ।

I hereby declare that the particulars furnished above are true and correct to the best of my knowledge and belief. I understand and agree that in the event of any information being found false or incorrect /incomplete or ineligibility being detected at any time before or after selection /interview, my candidature is liable to be rejected and I shall be bound by the decision of the ICMR-NIN. I have read this circular and ready to accept all the terms and conditions for engagement of Hindi Translator (Consultant).

दिनांक सहित हस्ताक्षर
Signature with date

स्थान/Place : _______________

दिनांक/Date : _______________